दिन– रविवार दिनांक– 19 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत हाजीपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सारण और मुजफ्फरपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच कल होगा मतदान।

02. पंचानवे लाख से अधिक मतदाता चिराग पासवान, राजीव प्रताप रूडी, रोहिणी आचार्य, अली अशरफ फातमी, देवेश चंद्र ठाकुर समेत अस्सी प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे।

03. छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार जोर–शोर से जारी। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बेतिया में जनसभा को संबोधित किया। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने गोपालगंज, वाल्मीकिनगर और सीवान सहित कई क्षेत्रों में की जनसभा।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी हिस्सों में अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में पांच संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में कल मतदान होगा। इस चरण में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या उनचास लाख निन्यानवे हजार छह सौ सत्ताईस और महिला मतदाताओं की संख्या पैंतालीस लाख ग्यारह हजार दो सौ उनसठ है। वहीं, थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या तीन सौ है। पहली बार मतदान करने वाले लोगों की संख्या एक लाख छब्बीस हजार एक सौ चौवन है।

———————————————————————

पांचवें चरण में प्रदेश के पांच संसदीय क्षेत्रों में छह महिला उम्मीदवारों समेत कुल अस्सी प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सारण संसदीय क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा के राजीव प्रताप रूडी और राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के बीच माना जा रहा है। हाजीपुर सुरक्षित सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए प्रत्याशी लोजपा–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और

राजद के शिवचंद्र राम के बीच है। वहीं, सीतामढ़ी में एनडीए प्रत्याशी जदयू के देवेश चंद्र ठाकुर और राजद के अर्जुन राय आमने–सामने हैं। मधुबनी में भाजपा के अशोक यादव और राजद के अली अशरफ फातमी के बीच मुख्य मुकाबला है। इधर, मुजफ्फरपुर संसदीय सीट पर भाजपा के राज भूषण चौधरी निषाद को कांग्रेस के अजय निषाद चुनौती दे रहे हैं। पैंतीस निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं।

———————————————————————————

सारण संसदीय क्षेत्र में सारण जिले से उत्तर प्रदेश के अलावा पटना, वैशाली मुजफ्फरपुर और सिवान जिले से लगने वाली सीमा को सील कर दिया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि दियारा क्षेत्र और नदी वाले क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जा रही है।

———डिस्पैच———

सारण संसदीय क्षेत्र में लगभग 18 लाख मतदाता 14 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव प्रकिया पर नजर रखने के लिए 800 से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के की व्यवस्था की गयी है। सोनपुर, परसा और छपरा क्षेत्रों के दियारा वाले इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है । सभी मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। युवा वर्ग, महिला और दिव्यांग वोटरों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाये गये हैं। कई मतदान केंद्रों को केवल महिला कर्मियों और युवा चुनाव कर्मियों द्वारा संचालन करने की व्यवस्था की गयी है। वहीं आदर्श मतदान केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा से पवन कुमार सिंह।

हमारे संवाददाता ने बताया कि हाजीपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। लगभग बीस लाख मतदाता कल चौदह प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे।

———डिस्पैच———

हाजीपुर लोक सभा क्षेत्र में भयमुक्त, स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों की 58 कंपनियों को तैनात किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी यशपाल मीणा ने बताया कि मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए जिला मुख्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई ह। गर्मी से बचाव के लिए छाया, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सहित मतदाताओं की सुविधा के लिए पोलिंग बूथों पर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। हाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुर, महनार, राघोपुर, राजापाकर, लालगंज तथा महुआ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता कल अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए हाजीपुर से मनोज कुमार सिंह।

हमारे संवाददाता ने बताया कि मुजफ्फरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कल होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

———डिस्पैच———

मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र में कल 18 लाख 66 हजार से अधिक मतदाता 26 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। इस संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले छह विधान सभा क्षेत्रों गायघाट, औराई, बोचहां, सकरा, कुढ़नी और मुज़फ़्फ़रपुर शहरी क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इतंजाम किये गये हैं। दियारा क्षेत्रों में विशेष घुडसवार दस्तों को तैनात किया गया है। संवदेनशील मतदान केंद्रों के आस पास के क्षेत्रों में अर्ध सैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने सभी मतदाताओं से कल के लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि कल होने वाले मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

———डिस्पैच———

सीतामढ़ी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कल लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत मतदा को लेकर कड़े इंतजाम किये गये हैं। 19 लाख 47 हजार से अधिक मतदाता 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव कर्मियों का दल सुरक्षा बलों के साथ अपने अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच गया है। ऐहतियात के तौर पर जिले में नेपाल से लगने वाले क्षेत्रों सोनबरसा और भिठ्ठामोड़ पर सीमा को सील कर दिया गया है। दोनों ओर से मतदान की समाप्ति तक आवा जाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। सभी विधानसभा क्षेत्रों में महिला कर्मियों द्वारा संचालित एक एक पोलिंग स्टेशन स्थापित किया गया है। वहीं एक–एक युवा चुनाव कर्मियों द्वारा संचालित पोलिंग बूथ और आदर्श मतदान केंद्र बनाये गये हैं। दिव्यांग जनों द्वारा संचालित एक मतदान केंद्र भी स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी रिची पांडेय ने बताया कि नौ सौ उनहत्तर मतदान केंद्रों पर लाइव वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

हमारे मधुबनी संवाददाता ने बताया कि मधुबनी संसदीय क्षेत्र में उन्नीस सौ उनतालिस मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

———डिस्पैच———

मधुबनी संसदीय क्षेत्र में कल 19 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता 12 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। मधुबनी संसदीय क्षेत्र में छह सौ चौंतिस मतदान केंद्र दरभंगा जिले के केवटी और जाले विधानसभा क्षेत्र में आते हैं। वहीं शेष मतदान केंद्र मधुबनी जिले के हरलाखी, बेनीपट्टी, मधुबनी और बिस्फी विधानसभा क्षेत्र में शामिल है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के मद्देनजर भारत नेपाल सीमा पर हरलाखी क्षेत्र में सीमा को सील कर दिया गया है और मतदान की समाप्ति तक आवाजाही पर रोक लगा दी गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के अंतिम दो चरणों के लिए प्रचार तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोकसभा के चार चरणों के चुनाव में भाजपा को अपार जनसमर्थन मिला है। पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र के बेतिया में आज चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने दावा किया कि चार चरणों में ही एनडीए को दो सौ सत्तर सीटों का आंकड़ा हासिल कर चुका है। श्री शाह

ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग आरक्षण और संविधान को लेकर झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन करने का आरोप लगाया है।

———बाईट———

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा है कि उनकी पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करती है। श्री रमेश ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुस्लिम धर्म में कुछ जातियां आरक्षण के दायरे में आती है उसी के आधार पर कर्नाटक में आरक्षण दिया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी कल शाम बिहार दौरे पर पहुंचेंगे।

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात काराकाट लोकसभा सीट की। काराकाट बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आए काराकाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत औरंगाबाद और रोहतास जिले के तीन–तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सोन नद से विभाजित होने वाले इन दो जिलों की अर्थव्यवस्था, मन–मिजाज और बोली–वाणी एक–दूसरे से अलग है। रोहतास का मन–मिजाज भोजपुरी है तो औरंगाबाद मगध का इलाका है। इन दोनों जिलों के मतदाताओं और सामाजिक समीकरणों को एक साथ साधना काराकाट के प्रत्याशियों के लिए चुनौती भरा होता है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में जद यू के महाबली कुशवाहा, 2014 में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के उपेंद्र कुशवाहा और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जद यू के महाबली कुशवाहा को इस सीट पर जीत मिली। एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत इस बार काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के खाते में आई और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा खुद इस सीट से उम्मीदवार हैं। उनके सामने हैं विपक्षी गठबंधन से भाकपा माले के राजा राम सिंह। राजा राम सिंह काराकाट लोकसभा क्षेत्र के लिए अब तक हुए सभी चुनाव में उम्मीदवार रहे हैं और उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि इस बार राजद, कांग्रेस और वी आई पी के समर्थन से वे मजबूती से चुनाव मैदान में हैं। भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और गायक पवन सिंह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पवन सिंह के चुनाव मैदान में उतरने से दोनों ही प्रमुख गठबंधनों के उम्मीदवारों के लिए लड़ाई चुनौतीपूर्ण हो गई है। पवन सिंह ने काराकाट के मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। विधानसभावार शक्ति संतुलन देखें तो सभी 6 सीटों पर विपक्षी गठबंधन का कब्जा है। नोखा, डेहरी, गोह, ओबरा और नबीनगर पर राजद के जबकि काराकाट सीट पर भाकपा माले के विधायक हैं। काराकाट की जनता के लिए विकास आज भी प्रमुख चुनावी मुद्दा है। एन डी ए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं वहीं, भाकपा माले के राजा राम सिंह बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। निर्दलीय पवन सिंह कहते हैं कि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान ही उनकी प्राथमिकता होगी। बहरहाल 13 उम्मीदवारों के बीच जनता किस प्रत्याशी पर अपना भरोसा जताती है यह देखना काफी दिलचस्प होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए काराकाट से चंदन कुमार।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले में रक्सौल थाना क्षेत्र के नागा रोड में छापेमारी के दौरान पुलिस ने साठ लाख अठारह हजार रूपये से अधिक नेपाली और चौंतीस लाख रूपये से अधिक भारतीय नोट जब्त किये हैं। इस संबंध में आयकर विभाग को सूचना दे दी गयी है। इधर, कैमूर जिले में वाहन जांच के दौरान भभुआ–कुदरा पथ पर अकोली गांव के पास चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक कार से चौदह लाख रूपये से अधिक नकदी जब्त की गयी है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर जिलों में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत हाजीपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सारण और मुजफ्फरपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच कल होगा मतदान।

02. पंचानवे लाख से अधिक मतदाता चिराग पासवान, राजीव प्रताप रूडी, रोहिणी आचार्य, अली अशरफ फातमी, देवेश चंद्र ठाकुर समेत अस्सी प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे।

03. छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार जोर–शोर से जारी। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बेतिया में जनसभा को संबोधित किया। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने गोपालगंज, वाल्मीकिनगर और सीवान सहित कई क्षेत्रों में की जनसभा।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी हिस्सों में अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।